मुळा एज्युकेशन सोसायटी के

कला, वाणिज्य व विज्ञान महाविद्यालय, सोनई

ता. नेवासा, जिला. अहमदनगर

हिन्दी विभाग आयोजित

बिदाई समारोह

दिनांक : 19 मार्च 2018
समय : सुबह 10.00 बजे
स्थान : भाषा प्रयोगशाला

हिंदी विभाग द्वारा तृतीय वर्ष बी.ए. एवं स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष के छात्रों को बिदाई देने हेतू बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में कला संकाय प्रमुख एवं अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. मच्छिंद्र वर्पे, तो प्रमुख अतिथि के रूप में मराठी विभाग प्रमुख डॉ. निवृत्ती मिसाळ, राज्यशास्त्र विभाग प्रमुख डॉ. अविनाश साळवे तथा अंग्रेजी के विभाग के अध्यापक एवं नॅक के समन्वयक डॉ. संदिप खेडकर उपस्थित थे। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ. श्वेता चौधारे तथा उनके सहयोगी श्री. अमोल दहातोंडे , श्री. धनेश माने भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में प्रारंभ में अतिथियों एवं वरिष्ठ छात्रों का उचित स्वागत किया गया। इसके उपरांत तृतीय वर्ष बी.ए. तथा द्वितीय वर्ष एम.ए. के विद्यार्थियों ने अपने भावपूर्ण विचार व्यक्त करते हुए विभाग के अध्यापकों एवं विभाग के प्रति अपनी आत्मीयता व्यक्त की। अतिथि के रूप में पधारे डॉ. मिसाळ जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए अपना मंतव्य व्यक्त किया। उन्होंने छात्रों को प्रेरणा देते हुए आनेवाले जीवन में किस प्रकार संकटों का सामना करना है तथा महाविद्यालय में अर्जित ज्ञान का सदुपयोग किस प्रकार करना है, इस पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. साळवे सर ने छात्र जीवन के अपने अनुभव व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को उत्साहित किया। तो डॉ. खेडकर जी ने अंग्रेजी के अध्यापक होते हुए भी हिंदी भाषा में अपने अनमोल विचार व्यक्त करते हुए आने वाले भविष्य के प्रेरित किया । हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. चौधारे मॅडम ने विदयार्थीयों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामना एं देते हुए यह आश्वासन दिया कि विभाग और विभाग के अध्यापक हमेशा छात्रों की सहायता में तत्पर रहेंगे।

कार्यक्रम का सुत्रसंचालन बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र श्री. विजय दळे ने किया। तो इसी कक्षा की कु. प्राजक्ता होळकर ने कार्यक्रम का प्रास्ताविक और अतिथीयों का स्वागत किया। कार्यक्रम का आभार ज्ञापन कु.रानी बुळे ने किया । इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग के सभी छात्रों ने सक्रिय सहभाग लिया।

कुछ क्षणचित्र

बिदाई समारोह

हिन्दी विभाग आयोजीत
दि : 19 मार्च 2018

कला, वाणिज्य व विज्ञान
हिन्दी विभाग आयोजीत
बिदाई समारोह
दि : 19 मार्च 2018

बिदाई समारोह